झारखण्ड सरकार,
कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग
—:: अधिसूचना ::—

राँची, दिनांक—

संख्या—15/सा०अव०—03—03/2018 का॰—............/ भारत सरकार, गृह मंत्रालय की अधिसूचना संख्या—20—25—56—पर्व—1, दिनांक—8 जून, 1957 के साथ वाचित परक्राम्य लिखत अधिनियम (निगोशिएबुल इन्स्ट्रूमेन्ट्स एक्ट, 1881) 26—1881 की धारा—25 के स्पष्टीकरण द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए झारखण्ड राज्यपाल, वर्ष 2019 में संलग्न अनुसूची—1 में उल्लिखित पर्व/अवसरों पर राजपत्रित अवकाश घोषित करते हैं।

2. वर्ष 2019 में संलग्न अनुसूची—2 में उल्लिखित तिथियों को कार्यपालक आदेश के अन्तर्गत झारखण्ड राज्य सरकार के अधीन सभी कार्यालय एवं राजस्व कार्यालय बन्द रहेंगे।

3. भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग के अर्द्ध सरकारी पत्र संख्या—41/2/98 बी॰ओ॰II दिनांक—09 अगस्त, 2002 एवं पत्रांक—1/22/2012—बी०ओ०-II दिनांक—09 जनवरी 2013 के साथ वाचित परक्राम्य लिखत अधिनियम (एन॰आई॰ एक्ट, 1881) — 26 — 1881 की धारा 25 के स्पष्टीकरण द्वारा प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए झारखण्ड राज्यपाल वर्ष 2019 में सम्पूर्ण राज्य में संलग्न अनुसूची—3 में उल्लिखित बैंक अवकाश घोषित करते हैं।

टिप्पणी:—1. चांद के दृष्टिगोचर होने के अनुसार मुस्लिम त्योहारों के लिए निर्धारित अवकाश की तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

2. राज्य सरकार के अधीन सचिवालय एवं संलग्न कार्यालयों में पाँच दिवसीय कार्य सप्ताह प्रणाली तथा क्षेत्रीय कार्यालयों में छः दिवसीय कार्य सप्ताह प्रणाली पूर्ववत लागू रहेगी।

3. अनुसूची—3 में उल्लिखित बैंक लेखा वार्षिक बन्दी सरकारी अधिष्ठानों/कार्यालयों पर लागू नहीं होगा।

झारखण्ड राज्यपाल के आदेश से,

ह०/—
(सुनीत कुमार)
सरकार के अवर सचिव।

ज्ञापांक—15/सा०अव०—03—03/2018 का॰—9006/ राँची, दिनांक— 11·12·18

प्रतिलिपि— नोडल पदाधिकारी, ई—गजट, कार्मिक, प्र०सु० तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, राँची को झारखण्ड ई—गजट के असाधारण अंक में प्रकाशन हेतु प्रेषित।

सुनीत 11/12/18

सरकार के अवर सचिव।

अनुसूची-1

वर्ष 2019 के लिए झारखण्ड राज्य में एन०आई०एक्ट,1881 के तहत घोषित अवकाश

क्रं० सं०	अवकाश का नाम	ग्रिगेरियन कैलेण्डर के अनुसार तिथि	राष्ट्रीय पंचांग के अनुसार तिथि (शक संवत 1940/1941)	सप्ताह के दिन	दिनों की संख्या
1.	गणतंत्र दिवस	26 जनवरी	माघ - 06	शनिवार	1
2.	महाशिवरात्री	04 मार्च	फाल्गुन - 13	सोमवार	1
3.	होलिका दहन	20 मार्च	फाल्गुन - 29	बुधवार	1
4.	होली	21 मार्च	फाल्गुन - 30	गुरूवार	1
5.	सरहुल	08 अप्रैल	चैत्र - 18	सोमवार	1
6.	राम नवमी	13 अप्रैल	चैत्र - 23	शनिवार	1
7.	महावीर जयंती	17 अप्रैल	चैत्र - 27	बुधवार	1
8.	गुड फ्राईडे	19 अप्रैल	चैत्र - 29	शुक्रवार	1
9.	बुद्ध पूर्णिमा	18 मई	वैशाख - 28	शनिवार	1
10	ईद- उल- फितर	05 जुन	ज्येष्ठ - 15	बुधवार	1
11.	ईद-उल-जुहा (बकरीद)	12 अगस्त	श्रावण - 21	सोमवार	1
12.	स्वतंत्रता दिवस	15 अगस्त	श्रावण - 24	गुरूवार	1
13.	जन्माष्टमी	24 अगस्त	भाद्र - 02	शनिवार	1
14.	करमा पूजा	09 सितम्बर	भाद्र - 18	सोमवार	1
15.	मुहर्रम	10 सितम्बर	भाद्र - 19	मंगलवार	1
16.	महात्मा गाँधी का जन्म दिवस	02 अक्टूबर	आश्विन - 10	बुधवार	1
17.	महानवमी	07 अक्टूबर	आश्विन - 15	सोमवार	1
18.	विजयादशमी	08 अक्टूबर	आश्विन - 16	मंगलवार	1
19.	सूर्य षष्ठी डाला छठ (सायं अर्ध्य)	02 नवम्बर	कार्तिक - 11	शनिवार	1
20.	गुरूनानक जयंती	12 नवम्बर	कार्तिक - 21	मंगलवार	1
21.	क्रिसमस	25 दिसम्बर	पौष - 04	बुधवार	1
	कुल दिन				21

टिप्पणीः- अंबेदकर जयंती-14 अप्रैल, महाअष्टमी-06 अक्टूबर, दीपावली-27 अक्टूबर एवं मिलाद-उन-नबी या ईद-ए-मिलाद (पैगम्बर मोहम्मद का जन्म दिवस)-10 नवम्बर को रविवारीय अवकाश पड़ने के कारण उक्त तिथि को अलग से अवकाश घोषित नहीं किया गया है, तथापि वैसे प्रतिष्ठान जहाँ शनिवार एवं रविवार सामान्य कार्यदिवस होता है, के लिए उक्त तिथि को अवकाश रहेगा।

11/12/18

अनुसूची–2

वर्ष 2019 के लिए झारखण्ड राज्य में कार्यपालक आदेश के तहत घोषित अवकाश

क्रं० सं०	अवकाश का नाम	ग्रिगेरियन कैलेण्डर के अनुसार तिथि	राष्ट्रीय पंचांग के अनुसार तिथि (शक संवत 1940/1941)	सप्ताह के दिन	दिनों की संख्या
1.	सोहराय	12 जनवरी	पौष – 22	शनिवार	1
2.	मकर संक्राति	14 जनवरी	पौष – 24	सोमवार	1
3.	संत रविदास जयन्ती	19 फरवरी	माघ – 30	मंगलवार	1
4.	मजदूर दिवस	01 मई	वैशाख – 11	बुधवार	1
5.	रथ यात्रा	04 जुलाई	आषाढ़ – 13	गुरूवार	1
6.	गणेश चतुर्थी	02 सितम्बर	भाद्र – 11	सोमवार	1
7.	विश्वकर्मा पूजा	17 सितम्बर	आश्विन – 26	मंगलवार	1
8.	दशहरा (महासप्तमी)	05 अक्टूबर	आश्विन – 13	शनिवार	1
9.	गोवर्धन पूजा	28 अक्टूबर	कार्तिक – 06	सोमवार	1
10.	भातृ द्वितीय (भैयादूज)/चित्रगुप्त पूजा	29 अक्टूबर	कार्तिक – 07	मंगलवार	1
11.	भगवान बिरसा मुण्डा जयंती/राज्य स्थापना दिवस	15 नवम्बर	कार्तिक – 24	शुक्रवार	1
	कुल दिन				11

टिप्पणीः– बसंत पंचमी–10 फरवरी, हुल दिवस–30 जून, शारदीय नवरात्र आरंभ/कलश स्थापन–29 सितम्बर एवं छठ (प्रातः अर्घ्य)–03 नवम्बर को रविवारीय अवकाश पड़ने के कारण अलग से अवकाश घोषित नहीं किया गया है, तथापि वैसे प्रतिष्ठान जहाँ रविवार सामान्य कार्यदिवस होता है, के लिए उक्त तिथि को अवकाश रहेगा।

रक्षा बंधन के अवसर पर 15 अगस्त (गुरूवार) को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एन०आई० एक्ट के तहत अवकाश घोषित होने के कारण अलग से अवकाश घोषित नहीं किया गया है।

11/12/18

अनुसूची–3

वर्ष 2019 में एन०आई०एक्ट,1881 के तहत बैंक लेखा बन्दी अवकाश

क्रं० सं०	अवकाश का नाम	ग्रिगेरियन कैलेण्डर के अनुसार तिथि	राष्ट्रीय पंचांग के अनुसार तिथि (शक संवत 1940/1941)	सप्ताह के दिन	दिनों की संख्या
1.	बैंक लेखा की वार्षिक बंदी	01 अप्रैल	चैत्र – 11	सोमवार	1
	कुल दिन				01

सुनील 11/12/18